जैन गजट को शीघ्र आवश्यकता है

1895 से प्रकाशित हो रहे जैन समाज के सर्वाधिक प्रसार संख्या वाले जैन गजट साप्ताहिक के सदस्य बनाने, विज्ञापन बुक करने एवं जैन समाज के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के समाचार भेजने हेतु देश भर में जगह जगह संवाददाताओं की शीघ्र आवश्यकता है। आकर्षक कमीशन एवं अन्य लाभ योग्यतानुसार। आवेदन जैन गजट के वाट्सऐप नं. 7505102419 या 9415108233 पर भेजिये। आवेदन प्राप्त होने पर आपसे संपर्क किया जावेगा।

संपर्क - जैन गजट, ऐश बाग, लखनऊ,
मो. 9415008344, 7607921391, 7505102419,
Email- jaingazette2@gmail.com
www.jaingazette.com



बीसवीं सदी के प्रथमाचार्य
चारित्र चक्रवर्ती
परम पूज्य आचार्य श्री शांति सागर जी

दिल्ली कृष्णा नगर में आचार्य विमर्श सागर के वर्षायोग की पूर्ण संभावना 12

1 दिसम्बर 1895 से प्रकाशित जैन समाज का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक

जैन गज़ट

www.Jaingazette.com

वर्ष 30 अंक 31 कुल पृष्ठ 12 लखनऊ, प्रकाशन तिथि- सोमवार 10 जून 2024, वीर नि. संवत् 2550

Unit : Sri Bharatvarshiya Digamber Jain Mahasabha jaingazette2@gmail.com

जिससे मृत्यु की मृत्यु हो जाये ऐसी मृत्यु ही समाधिमरण है

आचार्य श्री समयसागर महाराज

कुण्डलपुर (दमोह), 6 जून। जिस मृत्यु से मृत्यु की मृत्यु हो जाये वही मृत्यु समाधिमरण है, अभिनव आचार्य श्री समयसागर महाराज ने आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज के समाधिमरण दिवस पर आयोजित धर्मसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए मृत्यु और मुक्ति और मृत्यु से मुक्ति के गहन ज्ञान से श्रोताओं को सरल व्याख्या करते हुए बोध कराया। मध्यप्रदेश के दमोह जिला के सिद्ध क्षेत्र कुण्डलपुर में आचार्य श्री समयसागर महाराज ने समझाया कि महापुरुषों के शब्द का अर्थ ज्ञात न भी हो तो उनके शब्दों की तरंगें शुद्धि में उपयोगी होती हैं। बाल्यकाल में हमने आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज की वाणी का श्रवण किया, हम अल्पायु में थे अर्थ नहीं समझते थे। आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज मारवाड़ी भाषा में प्रवचन देते थे और हमें मारवाड़ी तो क्या हिंदी भाषा का भी ज्ञान न था, मगर उनके शब्द कानों के मार्ग से होते हुए अंतरंग तक पहुंच गये। हमें नवकार मंत्र का पाठ तत्समय में हमारे अग्र भ्राता जो कि संसार में संत शिरोमणि हुए आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने हमें पढ़ाया, ये हमारा सौभाग्य था कि हमारा ऐसे कुल में जन्म हुआ था।

श्रोताओं को संबोधित करते हुए आचार्य श्री समयसागर महाराज ने बताया कि यथाजात लिंग करण नहीं उपकरण है। जैसे दृश्य को स्पष्ट देखने के लिए नयन पर उपनयन सहायक है, ऐसे ही यथाजात लिंग मोक्ष मार्ग की साधना में उपकरण है। यथाजात लिंगी ही अनावृत महाव्रती है। आवरण का एक धागा भी तीर्थंकरत्व में बाधक है। यथाजात भाव लिंगीं ही तीर्थंकर पद का धारक होता है। यथाजात भाव लिंगी रूप, स्वरूप की अनुभूति कर सिद्ध स्वरूपी मुक्ति पाता है/पा सकता है।

आपने यम और नियम का अंतर समझाते हुए कहा कि अंतिम श्वास तक संकल्प के साथ व्रत का पालन करना यम है और व्रतों का सावधि संकल्प के साथ व्रत का पालन करना नियम है। दिगम्बर मुनि सल्लेखना समाधिमरण के लिये यम नियम के साथ साधना करता है, जीवन व्यतीत करता है। जिससे मृत्यु की भी मृत्यु हो जाये ऐसी मृत्यु ही समाधिमरण है। जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु होगी ये सुनिश्चित है, किंतु जिसका मरण हो उसका पुनः जन्म हो ये नियम नहीं है। समाधिमरण कर मृत्यु की जिसने मृत्यु कर ली हो उसका पुनः जन्म नहीं होगा और वह जन्म मरण से मुक्त है उसने मुक्ति पा ली है।

आपने कहा कि हितमितप्रिय वाणी के के साथ निज आत्मा का कल्याण करते हुए पर कल्याण के भाव रखना सोलहकारण भावना का भाव है। आज आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज के समाधिमरण मृत्यु महोत्सव के दिवस यही भावना भाता हूं जैसा उन्होंने कल्याण किया ऐसा ही हमारा, जो मेरे साथ बैठे हैं और जो सामने हैं सबका कल्याण हो।

धर्मसभा को निर्यापक श्रमण श्री योगसागर महाराज, निर्यापक श्रमण श्री नियमसागर महाराज, निर्यापक श्रमण श्री अभयसागर महाराज ने भी संबोधित किया।

– वेदचन्द जैन, गौरेला

WONDERFUL 12 Nights / 13 Days
EUROPE
20 Sep, 3 Oct, 3 Nov
यूरोप जैन मंदिर के दर्शन
FRANCE, PARIS, ITALY
AUSTRIA, AMSTERDAM
GERMANY, SWITZERLAND
VAYUDOOT WORLD TRAVELS PVT. LTD.
100% Pure Vegetarian Jain Food
Mob : +91 9313338256, 9810408256, 9818312056
Email : vayudoottravels@gmail.com • Website: www.vayudoottravels.in

अति प्राचीन मनोरथ पूर्ण 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ अतिशय क्षेत्र, प्रभुसर हस्तेड़ा जयपुर


869 साल प्राचीन मूलनायक
श्री मुनिसुव्रतनाथ प्रतिमा

शांतिधारा का प्रसारण
LIVE
आरती : 7:15 - 7:45 AM
शांतिधारा : 8:30 AM
@jainmandirhasteda
नामांकित शांतिधारा पुण्यार्जन के लिए संपर्क करें:
अमित शर्मा (Manager)-9783016885

हस्तेड़ा जैन मंदिर दूरी-दिल्ली से 250 किमी.एवं जयपुर से 65 किमी.
संपर्क सूत्र:
नितिन कुमार पाटनी (मंत्री) 9001255955
मनीष जी गंगवाल (कोषाध्यक्ष) 095880-20330

नामांकित शांतिधारा के लिए किसी भी राशि का आग्रह नहीं है।

JK MASALE SINCE 1957
Buy online on jkcart.com

– Breakfast Matlab –
JK POHA
Shudh Khao Swasth Raho...

23 years of Educational Excellence

TMU

TEERTHANKER MAHAVEER UNIVERSITY
Moradabad

Accredited with NAAC A Grade

12-B Status from UGC

ADMISSIONS OPEN 2024-25

NAAC GRADE A — ACCREDITED UNIVERSITY

SCAN HERE TO APPLY

Apply Online www.tmu.ac.in

NBA — National Board of Accreditation. The National Board of Accreditation accredited B.Tech. Computer Science & Engineering programme of Faculty of Engineering

UGC — Approved under Section 2(f) & 12(B) of the UGC Act, 1956

1st TOP PRIVATE MBBS UNIVERSITY IN UP IN THE IIRF RANKINGS 2023

4 ★ HIGHEST RATING — INSTITUTION INNOVATION COUNCIL (IIC) — Innovation Cell, Ministry of Education Govt. of India

4th RANK OF PHARMACY COLLEGE IN UP BY IIRF 2023

RECOGNISED AS INDIA'S 4th TOP UNIVERSITY IN FILING THE MAXIMUM NO. OF PATENTS — Department for Promotion of Industry and Internal Trade, Ministry of Commerce & Industry, Government of India

SECURED THE 19th SPOT AMONG INDIA'S TOP 40 PRIVATE UNIVERSITIES AS PER THE TIMES B SCHOOL RANKINGS 2024

DIPLOMA | UG | PG | PhD PROGRAMMES OFFERED

MEDICAL
- MBBS • MD • MS (All Specializations) (Admissions through UP NEET Counseling)

B.Sc. (Medical)
- Anatomy • Physiology • Biochemistry

M.Sc. (Medical)
- Anatomy • Physiology • Biochemistry
- Pharmacology • Microbiology

DENTAL
- BDS • MDS (All Specializations) (Admissions through UP NEET Counselling)

NURSING
- ANM • GNM • PB B.Sc. Nursing
- B.Sc. Nursing
- M.Sc. Nursing (All Specializations)

PARAMEDICAL SCIENCES
APPROVED BY U.P. STATE MEDICAL FACULTY, LUCKNOW (EXCEPT FORENSIC SCIENCE)
- DXRT • BRIT • MRIT (For X-Ray/ CT Scan / MRI)
- DMLT • BMLT • MMLT (For Blood Testing Lab)
- D.Optom • B.Optom
- M.Optom (For Eye Testing Lab)
- B.Sc. & M.Sc. (Forensic Science)

JOB ORIENTED DIPLOMA PROGRAMMES -
- Blood Transfusion • C.T. Scan • O.T.
- Emergency & Trauma Care • M.R.I.
- Cardiology • Dialysis
- Anesthesia & Critical Care
- Orthopaedic & Plaster • Neonatal Care
- Audio & Speech Therapy
- Intervention Radiology

PHYSIOTHERAPY
- BPT
- MPT • Obs. & Gyn • Orthopaedics • Sports • Neurosciences • Cardiopulmonary • Paediatrics

PHARMACY
- Pharm.D. (Doctor of Pharmacy)
- Pharm.D. (Post Baccalaureate)
- D.Pharm. • B.Pharm.
- B.Pharm. (2nd Yr Lateral Entry)
- M.Pharm. (Pharmacology/Pharmaceutics) Pharmacognosy, Pharmaceutical Analysis)

Rs. 5000/- per month will be given as stipend

COMPUTING SCIENCES & IT
AICTE Approved
- B.Tech. Computer Science and Engineering
- B.Tech. (CSE) 2nd Year Lateral Entry
- B.Tech. (CSE) Specialization in Artificial Intelligence, Machine Learning & Deep Learning
- B.Tech. 2nd Year Lateral Entry (CSE) Specialization in Artificial Intelligence, Machine Learning & Deep Learning
- B.Tech. (CSE) in Data Science
- B.Tech. (CSE) in Cloud Technology & Information Security
- B.Tech. (CSE) in Cyber Security
- M.Tech. (CSE) in All Specializations
- B.Sc. Animation
- B.Sc. Computer Science
- B.Sc. (Hons. with Research)* - 4 yrs Computer Science

Collaboration with aivancity, France*
- M.Sc. • Artificial Intelligence • Data Science*
- BCA
- BCA -Cloud Technology & Information Security -Mobile Application & Web Technology
- BCA (Hons. with Research)* - 4 yrs
- MCA in All Specializations

Collaboration with IBM
- B.Tech. (CSE) Application Development using Cloud and Analytics Platforms

Collaboration with TCS iON
- B.Tech. (CSE) in Data Science

FACULTY OF ENGINEERING
AICTE Approved
- B.Tech. -Computer Science & Engineering
  - Computer & Communication Engineering*
  - Electronics & Communication Engineering
  - Electrical Engineering • Mechanical Engineering
  - Civil Engineering
- B.Tech. 2nd year Lateral Entry (after Diploma/B.Sc.)
- M.Tech. -Machine Learning & Data Sciences -Electrical Power & Energy System* -Additive Manufacturing* -Structural and Construction Engineering*

Collaboration with TCS iON
- B.Tech. LC specialization in IoT
- B.Tech. ML specialization in Mechatronics

MANAGEMENT & COMMERCE
- BBA - HR, Finance, Marketing, IB
- BBA - Data Analytics
- BBA - International Business and Entrepreneurship
- BBA (Hons. with Research)* - 4 yrs
- B.Com. (Pass)
- B.Com. (Hons. with Research)* - 4 yrs
- MBA - Marketing, HR, IB, Finance, Agri. Business
- MBA - Industry Integrated with Global Exposure
- MBA - Hospital Management

Collaboration with WHIZHACK
- B.Com. - Fintech & Blockchain Technologies
- MBA - Cyber Security

LAW
5 Years Integrated Programmes
- BA-LL.B. (Hons.) • BBA-LL.B. (Hons.)
- B.Com.-LL.B. (Hons.) • LL.M.

PHYSICAL EDUCATION
- B.P.Ed. • M.P.Ed.
- B.P.E.S (Bachelor of Physical Education & Sports)
- B.P.E.S with Research

AGRICULTURE SCIENCES
ICAR ACCREDITED
- B.Sc. (Hons.) - Agriculture
- M.Sc. - • Agronomy • Soil Science • Plant Pathology

EDUCATION
- B.Sc.-B.Ed. (4 yrs.Integrated)
- B.A.-B.Ed. (4 yrs.Integrated)
- B.El.Ed.
- B.Ed. • M.Ed. • D.El.Ed. (BTC)

FINE ARTS
- BFA • MFA

SOCIAL SCIENCES & HUMANITIES
- B.A. (Hons. with Research)* - 4 yrs English, Economics, Psychology,
- BLIS • MLIS

Ph.D. in various disciplines
The University offers a research fellowship of Rs. 25,000 per month for all disciplines except Medical, where it is Rs. 30,000 per month.

RANKED AMONG INDIA'S TOP 50 B-SCHOOLS AS PER THE TIMES B-SCHOOL RANKINGS 2024

Band 50-100 2023 Innovation — nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAME WORK

GREEN RANKINGS-2024 DIAMOND BAND WITH GRADE A+ — World Institutional RANKING

GRADE IN OUTCOME BASED EDUCATION (OBE) RANKINGS 2023 GOLD BAND WITH GRADE A — World Institutional RANKING

NURSING & PARAMEDICAL COLLEGE GRADE A BY QCI

For the complete list of programmes offered visit : www.tmu.ac.in

Admission Toll Free No. - 1800-270-1490 9258112544

Email : admission@tmu.ac.in, admissions@tmu.ac.in

Campus Admission Office : NH-09, DELHI ROAD, MORADABAD (U.P.)

Note :- In case of no response from any above mentioned numbers, please contact -7060608828, 9837848862

DISTANCE EDUCATION PROGRAMMES
Programmes Offered
- BBA • B.Com • M.Com • MA (Economics)

Website : www.cdoe.tmu.ac.in

Email : admission.cdoe@tmu.ac.in, Contact : 95209-42111, 95209-32111

TMU, PNB A/C # -3942002100004339 IFSC Code - PUNB0394200

Education Loan — punjab national bank

विगत 9 सत्रों मे विश्वविद्यालय द्वारा अपने श्रोत से Rs. 65 करोड़ से अधिक की छात्रवृत्ति 3000 से अधिक जैन छात्र-छात्राओं को दी जा चुकी है।

जैन छात्र-छात्राओं के लिए कैम्पस में जैन जिनालय तथा छात्रावास में सूर्यास्त से पहले भोजन की व्यवस्था है।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित...
SANTOSH JAIN & ASSOCIATEL
SWATI VINIMAY & CONSULTAN PVT. LTD
ANAMICA TRADERS PVT. LTD.
L. N. FINANCE PVT. LTD.

OFFICE
CITY TRADE CENTER,
PNB Building, 4th Floor, A.T. Road, Guwahati-781001
M. : 94350-48488 (O) / 97060-48488 (R) / 99574-97927

सी. ए. (डॉ.) संतोष काला | श्रीमती सरिता काला | संदीप-स्वाति पाटनी | श्रेयांस काला

RESIDENCE : 401/501, Abhinandan Appartment, 4th Floor, H.S.Road, Chhatribari, Guwahati-781008
E-mail : casantoshkala@gmail.com

SHREE COMPLEX & SHREEMAN COMPLEX, P. O. BIJOYNAGAR-781122, DIST-KAMRUP (ASSAM)

44 डिग्री तापमान में 400 युवाओं ने सीखा करणानुयोग का ग्रंथ लब्धिसार

ए. सी., कूलर के बिना 8 घण्टे सीखने की ललक

राजेन्द्र जैन 'महावीर', वीरेन्द्र जैन 'वीरु'

इन्दौर। यूं तो इन्दौर अपनी कई विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध है, इन्दौर की इस प्रसिद्धि में एक नाम आध्यात्मिक ऊर्जा में भी जुड़ रहा है। विगत कई वर्षों से छाबड़ा परिवार की धार्मिक पहचान अब इन्दौर की पहचान बन रही है। अमेरिका में माइक्रोसाफ्ट कंपनी को छोड़कर मात्र 30-35 वर्ष की उम्र में भारत आए दो युवा दंपत्ति विकास-सारिका छाबड़ा, प्रकाश-पूजा छाबड़ा ने स्व-पर कल्याण का बीजारोपण इन्दौर की भूमि पर किया है। वह यहाँ की सुगंध को सर्वव्यापी बना रहा है। धर्म क्या होता है इसे कैसे समझें, प्रथमानुयोग करणानुयोग, चरणानुयोग, द्रव्यानुयोग क्या होते है, श्रावक के कर्तव्य क्या है, हमें अपने जीवन में क्या करना चाहिये? इन अनेक प्रश्नों का समाधान ये दो युवा दम्पत्ति अत्याधुनिक तकनीक के साथ आधुनिक ज्ञान विज्ञान के परिपेक्ष्य में प्रदान कर जैन दर्शन की अभूतपूर्व सेवा कर रहे है।

25 मई से 2 जून 2024 तक मोदीजी की नशिया बड़ा गणपति इन्दौर में जो हुआ वह 'भूतो न भविष्यति' है। करणानुयोग जैसे महान विषय जिसे समझना जीवन में उतारना बड़ा कठिन होता है इस विषय के विद्वान भी अंगुलियों में गिनने जितने ही है। उन सबके बीच हम सब कहते हैं युवा धर्म सुनने नहीं आते, इन सब मिथक को तोड़ा है छाबड़ा परिवार ने। भीषण गर्मी के दौर में आप और हम ए.सी., कूलर से बाहर नहीं निकल पा रहे थे उस दौर में संपूर्ण देशभर के 400 युवा जिसमें 200 इन्दौर से बाहर के थे ने अपना स्वप्रेरित रजिस्ट्रेशन कराया और 42 से 44 डिग्री तापमान के बीच लोहे के चद्दर डले हाल में बिना कूलर, ए.सी. के 6 से 8 घण्टे तक करणानुयोग जैसा कठिन विषय सुना, ग्रहण किया और फिर अपना होमवर्क भी किया, यह सुनने में आश्चर्यजनक लगता है। आचार्य नेमिचंद्र के अद्भुत ग्रंथ लब्धिसार को पढ़ाया पं. विकास-सारिका छाबड़ा ने। संपूर्ण संयोजन किया श्री विमलचंदजी छाबड़ा ने और अद्भुत शिविर चला जिसमें युवाओं ने धर्म के सार को जाना वह लिखना मेरे वश में नहीं है। सभी शिविरार्थियों को शुद्ध मर्यादित भोजन, केवल प्रवचन ही नहीं आचरण पर भी पूरा ध्यान रखा गया। शुद्ध मर्यादित दूध से भोजन तक सोले का भोजन उत्कृष्ट भावना के साथ अत्यंत सुस्वादु कराया गया। अत्यंत सुव्यवस्थित तरीके से समस्त आयोजन की संयोजना शिविरार्थियों के अनुभव सुनकर महसूस की जा सकती है। जब आठ वर्ष के बच्चे प्राकृत की गाथाओं का सस्वर पाठ करते नजर आते है तो लगता है कि यह शिविर अपनी सुगंध को कई पीढ़ियों तक महकायेगा। उल्लेखनीय है कि पं. विकास छाबड़ा द्वारा श्रमणाचार्य विशुद्धसागरजी महाराज से प्रतिमाधारी है। अनेक साधू संतों को भी आप करणानुयोग के गुढ़ विषय का ज्ञान करा रहे है। जैन दर्शन के वरिष्ठ मनीषी निस्पृही विद्वान पं. रतनलालजी जैन, समवशरण मंदिर इन्दौर ने उक्त शिविर में सम्मिलित होकर अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर के संपूर्ण वीडियो जैन कोष यू-ट्यूब पर उपलब्ध है। पं. प्रकाश-पूजा छाबड़ा ने गोम्मटसार जीव काण्ड को रेखा चित्र व तालिकाओं में उपलब्ध कराया है जो करणानुयोग को समझने के लिए वर्तमान समय में सरलतम पुस्तक है। यंग जैन स्टडी ग्रुप, श्री विमलचंद माणकचंदजी छाबड़ा पारमार्थिक न्यास गांधीनगर इन्दौर के द्वारा आयोजित शिविर सफलता के साथ अपनी उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। विगत कई वर्षों से जैन दर्शन के उन्नयन में लगे छाबड़ा परिवार को इस शिविर का संपूर्ण श्रेय जाता है। धन्य है कि अपनी द्रव्य, उत्कृष्ट भावना तन-मन-धन की ऊर्जा के साथ केवल धर्म का कार्य करने वाले समाजजन इस पंचमकाल में भी उपलब्ध हैं।

इंदोर शहर के सभी मंदिर एवं श्रावक श्रेष्ठीजन के लिए उपयोगी सूचना

इन्दौर (टी. के. वेद)। श्रुत पंचमी के पावन अवसर पर श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन श्रुत संवर्धिनी महासभा मध्य प्रदेश द्वारा आपके पास उपलब्ध जिनवाणी की किताब यदि जीर्ण शीर्ण अवस्था में है तो आप उस जिनवाणी को हमें दीजिए, हम उस जिनवाणी में जिल्द लगाकर उसे पढ़ने योग्य बनाकर आपको वापस देंगे। आपको आपका मोबाइल नंबर हमें देना है, जीर्ण-शीर्ण अवस्था में जिनवाणी को हम आपके बताए हुए स्थान से एकत्रित कर लेंगे, पश्चात जिनवाणी की किताब को व्यवस्थित करके एवं जिल्द लगाकर आपको वापस कर देंगे। जिनवाणी कहां से एकत्रित करना है आप हमें इस नंबर पर बता देवें। - श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन श्रुत संवर्धिनी महासभा मध्यप्रदेश- (अध्यक्ष) इन्द्रकुमार वीणा सेठी, संपर्क - मुकेश पांड्या मो. 8889345711

आचार्यश्री सुनील सागर जी महाराज अनमोल वाणी (सन्मतिसुनीलम)

जैन गजट में 1 वर्ष तक प्रकाशित होगी जैसे आचार्य भद्रबाहू सागर जी महाराज, आचार्य सौरभ सागर जी महाराज की व आचार्य प्रमुख सागर जी महाराज की वाणी प्रकाशित हो रही है वैसे ही होगी, पूरे भारत में आचार्य सुनिल सागर जी महाराज के 12 भक्तो को ही यह सौभाग्य प्राप्त होगा पहले आओ, पहले पाओ, जैन गजट के माध्यम से आचार्य श्री का आत्मीय आशीर्वाद उन भक्तो को प्राप्त होगा। नमन्कर्ता का उनका नाम एक वर्ष तक प्रकाशित होगा इसका शुल्क प्रति सदस्य पांच हजार रूपया है। नमनकर्ता बनने हेतु संपर्क करें। **श्री शेखर चंद पाटनी, राष्ट्रीय संवाददाता जैन गजट R.K. Advertising मंदनगंज किशनगढ़ राज. मो. नं. 9667168267**

सन्मतिसुनीलम

जिंदगी उसी को आजमाती है,
जो हर मोड पर चलना जानता है।
कुछ पाकर तो हर कोई मुस्कुराता है,
जिंदगी उसी की होती है जो
खोकर भी मुस्कुराता है।

प्राकृत ज्ञान केसरी, चर्या चक्रवर्ती, महासंघ नायक, विश्वहितकारी, वात्सल्य मूर्ति सरल स्वभावी, चारित्र रत्नाकर, विद्यावारिधि, क्षेत्र जीर्णोद्धारक आचार्य श्री
सुनील सागर जी महाराज के चरणों में शत शत नमन, वंदन।

-: नमनकर्ता :-

जम्बूप्रसाद अध्यक्ष तीर्थक्षेत्र कमेटी गाजियाबाद	विमल कुमार बड़जात्या, किशनगढ़
राजकुमार बड़जात्या (मरवावाले)	कमल कुमार वेद (ज्वैलर्स)
.....	.....
.....	.....
.....	.....
.....	.....

आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज की ग्रीष्मकालीन वाचना मदनगंज-किशनगढ़ में चल रही है।

संकलन: R. K. Advertising शेखर पाटनी, राष्ट्रीय संवाददाता जैन गजट
मो - 09667168267 email: rkpatni777@gmail.com

परम पूज्य वात्सल्य वारिधि, जिन धर्म प्रभावक, राष्ट्र गौरव आचार्य श्री 108 वर्धमान सागर जी महाराज एवं समस्त मुनि संघ के चरणों में



शत् शत् नमन, शत् शत् वंदन

नमनकर्ता: राजेन्द्र कुमार जैन/भागचन्द्र जैन एवं समस्त छाबड़ा परिवार

'Manik Ratan Bldg', By lane Kamal Patrol Pump, H. B. Road, Machkhowa, Guwahati - 781009 Cell : 919435111035

Jain Group

प्रसिद्ध समाजसेवी संजय पापड़ीवाल जैन गुरुकुल संस्था के बने संरक्षक

राजाबाबू गोधा, संवाददाता

परम पूज्य वात्सल्य वारिधि आचार्य 108 श्री वर्धमान सागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं प्रेरणा से संजय कुमार, पुनीत कुमार पापड़ीवाल नगर वालों ने श्री शान्तिवीर जैन गुरुकुल स्कूल जोबनेर समिति में संरक्षक बनने की स्वीकृति प्रदान की। श्री शान्तिवीर जैन गुरुकुल समिति सदस्यों ने किशनगढ़ में श्री संजय जी पापड़ीवाल से भेंट कर समिति द्वारा शिक्षा हेतु किये जा रहे कार्य की जानकारी प्रदान की जिससे संजय जी पापड़ीवाल प्रभावित हुए एवं संरक्षक बनने की स्वीकृति प्रदान करते हुए स्कूल में एक स्मार्ट क्लास रूम बनाने की स्वीकृति भी प्रदान की एवं साथ ही संस्था को आगे बढ़ाने में और भी सहयोग करने का आश्वासन दिया। संजय कुमार जी पुनीत कुमार जी पापड़ीवाल, नगर निवासी हाल निवासी मदनगंज किशनगढ़ प्रमुख व्यवसाई एवं समाजसेवी है, संघ एवं समाज के कार्यों में सदैव अग्रणी रहते है, आपके पिता श्रीमान प्रेमचंद जी पापड़ीवाल जी भी आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज के संघ में परम पूज्य मुनि 108 श्री निस्प्रह सागर जी (नगर गुरु मदनगंज किशनगढ़) के नाम से दीक्षित थे, जिनका देवलोकगमन हो गया है। गुरुकुल परिवार भामाशाह परिवार की अनुमोदना करते हैं एवं संस्था में संरक्षक बनने के लिये आभार प्रकट करता है।

तीन-तीन कल्याणक मनाये हर्षोल्लास से

राजाबाबू गोधा, संवाददाता

जयपुर। श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मन्दिर पद्मावती कॉलोनी निर्माण नगर जयपुर में जैन धर्म के सोलहवें तीर्थंकर 1008 भगवान श्री शांतिनाथ का जन्म, तप, और मोक्ष कल्याणक महोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मंदिर समिति के मंत्री नरेश झांझरी ने अवगत कराया कि प्रातः अभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजन पाठ और शांति विधान पूजन करके सभी साधर्मी बंधुओं ने महा पुण्य का संचय किया तथा जयकारों के साथ जन्म एवं तप का अर्घ्य चढ़ाकर मोक्ष कल्याणक का लाडू चढ़ाकर विश्व में सुख और समृद्धि की कामना की गई।

जैन सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रमण संस्कृति शिक्षण शिविर का हुआ विधिवत शुभारंभ

रवींद्र जैन काला, संवाददाता

बूंदी। जैन सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का चौगान जैन नोहरा आश्रम में पूजन विधान के साथ प्रारंभ हुआ। शिविर प्रभारी डॉ. मोहित जैन-शिल्पा व प्रमोद-आशा गंगवाल ने बताया कि शिविर में आए पंडित शुभम जैन शास्त्री जी ने 9 दिन तक चलने वाले शिविर की जानकारी दी। जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष योगेंद्र जैन एकता कासलीवाल ने अपना स्वागत भाषण दिया, कार्यक्रम की शुरुआत अवीक एवं रिद्धिमा जैन ने नृत्य के द्वारा मंगलाचरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंडेलवाल सरावगी समाज संस्थान के अध्यक्ष रविंद्र काला तथा वरिष्ठ जन जैन समिति के अध्यक्ष बिरधी चन्द छाबड़ा व मंत्री कैलाश चंद पाटनी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इससे पूर्व भगवान के चित्र का अनावरण सुरेश उर्मिला जैन लुहाड़िया ने किया। शिविर का उद्घाटन समाज के वरिष्ठ जन समिति ने किया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण विमल कुमार विपुल कुमार समृद्ध कटारिया परिवार ने किया। भगवान के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन राजेंद्र कुमार वैभव, श्रीमती सलोनी ढगारिया परिवार ने किया तथा मंगल कलश की स्थापना बिरधी चंद राजेंद्र कुमार श्रीमती चंद्रेश छाबड़ा परिवार ने किया। इस अवसर पर जैन सोशल ग्रुप द्वारा नियमित रूप से जैन पाठशाला चलाने वाली सुमन कासलीवाल, सीमा बाकलीवाल का सम्मान किया गया। शिविर का संचालन लोकेश-अनुराधा गोधा ने किया। मंत्री सुरेंद्र-संगीता छाबड़ा द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।

महामस्तकाभिषेक

प्रकाश पाटनी

भीलवाड़ा, 31 मई। बापूनगर स्थित श्री पदमप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में अष्टमी के पावन दिवस पर बड़े बाबा मूलनायक श्रीपदम प्रभु भगवान पर महामस्तकाभिषेक बड़े उत्साह पूर्वक हुआ। प्रातः सभी प्रतिमाओं पर अभिषेक करने के उपरांत पूनम चंद सेठी एवं राजेंद्र सोगानी ने पदमप्रभु भगवान पर, अशोक पाटोदी ने आदिनाथ एवं चांदमल जैन ने मुनिसुव्रतनाथ भगवान पर शांतिधारा की तथा अन्य प्रतिमाओं पर भी शांतिधारा की गई।

शांतिनाथ भगवान का जन्म तप, मोक्ष कल्याणक मनाया

अमित गोधा, ब्यावर

ब्यावर। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर हाउसिंग बोर्ड में श्री 1008 भगवान शान्तिनाथ जन्म, तप, मोक्ष कल्याणक पर हर्षोल्लास और अनेक धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। श्री शान्तिनाथ दिगंबर जैन मन्दिर जी हाउसिंग बोर्ड सहित सभी जिनालयों में भगवान शान्तिनाथ का जन्म, तप, मोक्ष कल्याण महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हाउसिंग बोर्ड मंदिर में श्रीजी रजत कलशों से अभिषेक व शांतिधारा करने का सौभाग्य अशोक कुमार उज्जवल पुष्प काला जैन व चंद्रप्रकाश अमित कुमार कविश अथव गोधा जैन परिवार को प्राप्त हुआ। निर्वाण मोदक चढ़ाने का सौभाग्य अशोक कुमार मनोरमा देवी काला परिवार को प्राप्त हुआ।





प्रसिद्ध समाजसेवी श्री निर्मल कुमार जी बिन्दायका बगरू (जयपुर) निवासी कोलकाता
प्रवासी को 12 जून 2024 पर 60 वें जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं

आप जियो हजारों साल

साल के दिन हों पचास हजार

श्री निर्मल कुमार जी बिन्दायका बगरू (जयपुर) निवासी कोलकाता प्रवासी
(जन्मोत्सव 12 जून 1964)

-: शुभाकांक्षी :-

समस्त बिन्दायका परिवार (बगरू, जयपुर, सूरत, कोलकाता)
एवं समस्त बड़जात्या परिवार, मदनगंज किशनगढ़ (राजस्थान)

संकलनः राजाबाबू गोधा, फागी, जैन गजट संवाददाता फागी एवं राजस्थान मो. 09460554501

धार्मिक शिविर ही भविष्य के संस्कारों की पहली सोपान

-आर्यिका सृष्टिभूषण माताजी

जैन पंचायत ने आर्यिका श्री के सानिध्य में शिविर में सफल प्रतिभागियों को किया सम्मानित

ललितपुर। गुरू उपकार महामहोत्सव के अन्तर्गत श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर द्वारा आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महामुनिराज के आशीर्वाद एवं निर्यापक मुनिपुंगव सुधासागर महाराज की प्रेरणा एवं जिनधर्म प्रभाविका आर्यिका सृष्टिभूषण माता जी ससंघ के सानिध्य में नगर चल रहे शिक्षण शिविर का समापन हुआ, जिसमें दिगम्बर जैन पंचायत समिति द्वारा प्रतिभावान मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। आर्यिका सृष्टिभूषण माता जी ने धार्मिक शिविर को भविष्य के संस्कारों की पहली सोपान बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से बच्चे धर्म से जुड़कर बुराई, कुरीतियों से बचते हैं। आर्यिका श्री ने ऐसे शिविरों के समय-समय पर आयोजन और श्रमण संस्कृति संस्थान द्वारा किए जा रहे भागीरथी प्रयास को सराहा और गुरूदेव की प्रेरणा को अद्वितीय बताया। आर्यिका विश्वयशमति माता जी एवं आर्यिका विजिस्सा श्री माता जी ने शिविरार्थियों को भविष्य के लिए बेहतर टिप्स दिए।

शिविर में धर्म सभा का सम्बोधित करते हुए आर्यिका श्री

जनसमुदाय तथा मेधावी शिविरार्थी

प्रातःकाल नगर के दस जिनालयों में सम्मिलित श्रमण संस्कृति संस्कार प्रशिक्षण शिविर का समापन आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर शिविर पुण्यार्जक सोमचंद संजीव जैन लकी परिवार के साथ श्रेष्ठीजनों ने किया। अभिनंदनोदय तीर्थ पाठशाला की बालिकाओं ने धार्मिक प्रस्तुति के माध्यम से मंगलाचरण कर गुरु वंदना की। कार्यक्रम की संयोजना करते हुये शिविर संयोजक डा. आलोक शास्त्री ने प्रगति आख्या देते हुए शिविर की उपलब्धियों से अवगत कराया। जैन पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनिल जैन अंचल, गुणमाला जैन, सुषमा जैन अनीता जैन, शिक्षिका नैना जैन मड़ावरा ने शिविर के अनुभव बताते हुए अपने विचार रखे।

ब्रह्मचारिणी रूवी दीदी ने आर्यिका जी की प्रेरणा से समाजोत्थान की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराते हुए नमन किया। संस्कार शिविर में नगर के दस जिनालयों में आयोजित हुई बालवोध पूर्वार्द्ध, उत्तरार्द्ध छहढाला, इष्टोपदेश, द्रव्य संग्रह, तत्वार्थसूत्र, श्रावकाचार, सर्वार्थ सिद्धि, जीवकाण्ड ग्रंथ की धार्मिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमें उत्तीर्ण शिविरार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का पुण्यार्जन सुधा वीर व्यायामशाला के राजेन्द्र जैन थनवारा, संजीव जैन ममता स्पोर्ट स्वदेश गोयल वैभव जैन द्वारा किया गया। जैन पंचायत के अध्यक्ष डा. अक्षय टड़ैया महामंत्री आकाश जैन, सनत जैन खजुरिया, कैप्टन राजकुमार जैन, अक्षय अलया मीडिया प्रभारी, मनोज जैन बबीना, प्रफुल्ल जैन, पारस जैन मनया, अखिलेश गदयाना, शीलचंद अनौरा, अशोक दैलवारा, अमित सर्राफ ने शिविर में आमंत्रित विद्वानों को पंचायत की ओर से सम्मानित किया। शिविर में पर्यावरण संरक्षण पर दो सौ बच्चों ने चित्रों पर पर्यावरण संबंधी चित्र बनाए और विजेताओं को पुरूष्कृत किया और बच्चों को कम से कम एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

- अक्षय अलया

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 700 मरीज हुए लाभान्वित

पुनीत जैन

गुरुग्राम/हरियाणा। प्रत्येक धर्म में पीड़ित मानवता की सेवा को सर्वोपरि बताया है। पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। आप कोई भी धर्म देख लीजिए चाहे वो सनातन धर्म हो, जैन धर्म हो, सिक्ख धर्म हो, ईसाई धर्म हो, सभी धर्मों में हमें पीड़ित मानवता की सेवा का संदेश मिलता है। किसी ने सच ही कहा है ''पर हित सरस धर्म नहीं भाई''। आज समाज का एक बहुत बड़ा तबका धनाभाव के कारण स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रह जाता है। इस तरह के कैंप में समाज का मीडियम वर्ग व अन्य वर्ग के लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेते हैं एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते हैं। यह उद्गार अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैसवाल जैन उपरोचियां सेवा न्यास के महामंत्री सीए कमलेश जैन गुरुग्राम ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त किए।अखिल भारतीय श्री दिगंबर जैसवाल जैन

(उपरौचिया) सेवा न्यास व अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा तथा मेदांता मेडिसिटी एवं आरु क्लिनिक के स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम द्वारा 2 जून को सुबह 10 बजे से हनुमान मंदिर, गौशाला सोसाइटी, डुंडाहेडा, गुरुग्राम में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हृदय रोग, श्वसन रोग, इंटरनल मेडिसिन, आयुर्वेदा, फिजियोथैरेपी, नेत्र रोग से संबंधित निशुल्क जांच एवं परामर्श दिया गया। शिविर में लगभग 700 से अधिक मरीज लाभान्वित हुए। शिविर में श्री सुदीप जैन गुरुग्राम का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर में सेवा न्यास के महामंत्री CA। कमलेश जैन, श्री सुदीप जैन, श्री सगुन चंद, श्री रूपेश जैन, श्री सुनील जैन (मोना जेनरेटर), अम्बाह नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष श्री जिनेश जैन, श्री ओमप्रकाश जैन, गिरीश जैन गुरुग्राम, तरुण जैन गुरुग्राम, पवन जैन (मोनू) गुरुग्राम, जय जैन गुरुग्राम, महेंद्र जैन भैय्यन (शिवपुरी), सन्मति फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री अनिल जैन, स्याद्वाद युवा क्लब के अध्यक्ष श्री शैलेश जैन, दिवस जैन, जिनेन्द्र जैन, अभय जैन व SKC की बहुत बड़ी टीम, जैसवाल जैन युवाजन के महामंत्री श्री अजय कुमार जैन (बॉबी), हनुमान मंदिर गौ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं समस्त टीम, विप्र फाउंडेशन गुरुग्राम की टीम एवं सैकड़ों की संख्या में गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे।

कल्याणक दिवस मनाया

बदनावर। भगवान श्री शांतिनाथ जी का जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक दिवस के अवसर पर जैन समाज द्वारा स्थानीय श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अभिषेक पूजन के पश्चात निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। इस अवसर पर इन्दौर निवासी रखबचंद सुनील कुमार ममता मोदी परिवार एवं श्रीमती कीर्ति ओम पाटोदी, चर्चित ऋषिका चहेती पाटोदी, पवन पाटोदी परिवार द्वारा विश्व कल्याण के लिए श्री जी की वृहद शांतिधारा का लाभ प्राप्त किया गया।

चि. आगम एवं सुश्री ओमीशा का सुयश

नागपुर। प्रतिष्ठा पितामह पंडित गुलाबचंद जी पुष्प देश के प्रख्यात प्रतिष्ठाचार्य रहे हैं, आपकी आगमोक्त अनुशासित क्रियाविधि से आप सभी आचार्यों में सर्वमान्य एवं बहुमान प्राप्त थे। आपने देश के लगभग सभी प्रदेशों में द्विशताधिक पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव सम्पन्न कर जिनशासन की महती प्रभावना की। आपकी इस धरोहर को ब्र. जयकुमार निशांत भैया जी ने प्रतिष्ठा एवं इतिहास व पुरातत्व के माध्यम से नवागढ़ को विश्व पटल पर स्थापित किया है। पुष्प जी के द्वितीय पुत्र डॉ. उत्तमचंद जी एवं ऊषा किरण जी छिंदवाड़ा के विख्यात चिकित्सक हैं जो सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में अग्रणी रहते

हैं। डॉ. उत्तमचन्द जी जैन के सुपुत्र डॉ. अंकुर जैन (डी.एम. न्यूरोलॉजी), डॉ. मेघा जैन (स्त्री रोग विशेषज्ञ) ने नागपुर जैसे महानगर में अपनी व्यस्ततम दिनचर्या में अपने जुड़वा पुत्र आगम एवं पुत्री ओमीशा को शिक्षा के साथ संस्कारों को प्रदान किया है। दोनों ने नागपुर के सेंटर पॉइंट स्कूल, काटोल रोड में 10 वीं कक्षा में CBSC की शिक्षा ग्रहण करते हुए बोर्ड परीक्षा में कीर्तिमान स्थापित किया है। आगम जैन ने जहाँ 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्तकर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है वहीं ओमीशा ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्तकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। शुभकामनाएं व बधाइयां।

-डॉ. सुनील जैन 'संचय'

चौक लखनऊ में नौ दिवसीय शिक्षण संस्कार शिविर का हुआ समापन

नेमिनाथ महामण्डल विधान सम्पन्न

अशोक जैन

लखनऊ, 30 मई 2024। बृहस्पतिवार, प्रातःकाल 7 बजे से श्री 1008 नेमिनाथ भगवान दिगम्बर जैन मन्दिर, चूड़ी वाली गली, चौक, लखनऊ में श्री नेमिनाथ महामण्डल विधान पूजन कार्यक्रम की शुरुआत श्री जी के स्वर्ण कलश से अभिषेक द्वारा हुई, जिसके पुण्यार्जक डा. संजीव जैन रहे। श्री जी को पाण्डुशिला पर विराजमान करने का 'सौभाग्य श्री अशोक कुमार आनन्द जैन को मिला। सम्पूर्ण विधान के सौधर्म इन्द्र पुण्यार्जक, प्रथम शांतिधारकर्ता एवं मुख्य मंगल कलश स्थापनकर्ता का सौभाग्य श्रीमती शोभा जैन, श्री मनीष कुमार अमित कुमार जैन परिवार को मिला। द्वितीय शांतिधारा व ईशान इन्द्र एवं अखण्ड ज्योति स्थापनकर्ता पुण्यार्जक श्रीमती इन्द्रावती जैन परिवार रहा। श्री मण्डप पर अष्ट द्रव्य और श्रीफल (नारियल) अर्पण कर श्री नेमिप्रभु के गुणों की आराधना कर सभी प्राणियों

के मध्य शान्ति की कामना की गयी। आरतीकर्ता श्रीमती स्वाती सीमा जैन, चैपाटयाँ रहीं। विभिन्न मंगल क्रियाओं में पारुल जैन, शारदा जैन, सलोनी जैन, ज्योति जैन, अंशु जैन, सुनीता जैन आदि ने पुण्य लाभ लिया। शिविर समापन कार्यक्रम में पं. अमन जी शास्त्री एवं पं. आदर्श जी शास्त्री को समिति द्वारा पगड़ी, पटका, उपहार आदि द्वारा बहुमान किया गया। अलग-अलग परीक्षाओं में अमित जैन, रजनी जैन व राघवी जैन को प्रथम स्थान मिला। दीपिका जैन और मोनिका को द्वितीय स्थान एवं आस्था जैन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी बच्चों को भी समिति द्वारा पुरस्कार और सर्टीफिकेट प्रदान किये गये। सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने ऐसा संकल्प किया कि आगे भी शिक्षण संस्कार शिविरों के माध्यम से धर्म प्रभावना का कार्य समिति करती रहेगी जिससे वर्तमान पीढ़ी सुसंस्कारित हो सके। कार्यक्रम में हर्ष जैन, अतिशय जैन, आस्था जैन, अक्षय जैन, सीमा जैन, अभिनन्दन जैन, सुषमा जैन, दिलीप जैन, अजय जैन, विकास जैन, अशोक जैन, अमित जैन, पुनीत जैन, उत्कर्ष जैन, सचिन जैन, अक्षत जैन आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी श्री अमित कुमार जैन, मन्त्री श्री नेमिनाथ भगवान दिगम्बर जैन मंदिर कमेटी, चैक, लखनऊ द्वारा प्राप्त हुई है।

आचार्य भद्रबाहू सागर जी महाराज की अनमोल वाणी



परम पूज्य 108 प्रज्ञापुंज धर्म प्रभावक अतिशय योगी आचार्य श्री भद्रबाहूसागरजी महाराज

जब अहिंसा बढ़ती है तो चारों तरफ हरियाली फैल जाती है

-: नमनकर्ता :-

दीपचन्द गंगवाल, बाराबंकी
श्रीमती नीता जैन, बाराबंकी
श्रीमती अनिता जैन, बाराबंकी
श्रीमती आशु जैन, बाराबंकी
मुदित जैन, प्रयागराज
दिलीप जैन, प्रयागराज ...

महेश जैन, बोदेगांव (महा.)
राकेश जैन, परभनी (महा.)
तुषार मनोज कुमार चौबाकर, परभनी महा.
प्रकाशचन्द्र साउजी, अम्बड़ (महा.)
दिलीप दोषी, मुम्बई (महा.)
सुनिल हीराचन्द दोषी, अकलूज (महा.)

परमपूज्य 108 प्रज्ञापुंज धर्म प्रभावक अतिशययोगी आचार्य श्री भद्रबाहूसागरजी महाराज जी के चरणों में शत शत वन्दन

संकलन: R. K. Advertising शेखर पाटनी, राष्ट्रीय संवाददाता जैन गजट
मो - 09667168267 email: rkpatni777@gmail.com

सम्पादकीय

पिछले दिनों राजस्थान की यात्रा के दौरान सपरिवार कुंभलगढ़ का किला देखने का अवसर प्राप्त हुआ था।

राजस्थान का अपना एक समृद्ध इतिहास है, जो इसे पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाता है। यहां के किले और महल पर्यटकों को अपनी ओर बेहद आकर्षित करते हैं। वैसे तो जयपुर से लेकर जैसलमेर तक आमेर का किला लोगों के बीच काफी मशहूर है लेकिन उनमें से कुंभलगढ़ के किले का एक अलग ही महत्व है। इस किले की खासियत इसकी 36 किमी लंबी दीवार है। यह राजस्थान के हिल फाउंटेन में शामिल एक विश्व धरोहर स्थल है। 15वीं शताब्दी के दौरान राणा कुंभा द्वारा निर्मित इस किले की दीवार को एशिया की दूसरी सबसे बड़ी दीवार का दर्जा प्राप्त है। कुंभलगढ़ (शाब्दिक रूप से ''कुंभल किला'') , जिसे भारत की महान दीवार के रूप में भी जाना जाता है, पश्चिमी भारत में राजस्थान राज्य के राजसमंद जिले में राजसमंद शहर से लगभग 48 किमी दूर अरावली पहाड़ियों की पश्चिमी श्रृंखला पर एक मेवाड़ किला है। यह उदयपुर से लगभग 84 किमी दूर स्थित है।

कुम्भलगढ़ किला और जैन मंदिर: एक दृष्टि

आपने चीन की ग्रेट वॉल ऑफ चाइना के बारे में तो सुना होगा लेकिन कुंभलगढ़ को भारत की महान दीवार कहा जाता है। उदयपुर के जंगल से 80 किमी उत्तर में स्थित कुंभलगढ़ किला चित्तौड़गढ़ किले के बाद राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा किला है। अरावली पर्वतमाला पर समुद्र तल से 1,100 मीटर (3,600 फीट) की पहाड़ी की चोटी पर निर्मित कुंभलगढ़ के किले में परिधि की दीवारें हैं जो 36 किमी (22 मील) तक फैली हुई हैं और 15 फीट चैड़ी हैं, जो इसे दुनिया की सबसे लंबी दीवारों में से एक बनाती है। अरावली रेंज में फैला कुम्भलगढ़ किला मेवाड़ के प्रसिद्ध राजा महाराणा प्रताप का जन्म स्थान है। 2013 में विश्व विरासत समिति के 37 वें सत्र में किले को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।

कुम्भलगढ़ दुर्ग का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर महाराणा कुम्भा ने सिक्के डलवाये जिन पर दुर्ग और उसका नाम अंकित था। वास्तुशास्त्र के नियमानुसार बने इस दुर्ग में प्रवेश द्वार, प्राचीर, जलाशय, बाहर जाने के लिए संकटकालीन द्वार, महल, मंदिर, आवासीय इमारतें, यज्ञ वेदी, स्तम्भ, छत्रियां आदि बने हैं।

जैन मंदिरः अनेक हिन्दू मंदिर के साथ ही जैन मंदिर भी निर्मित है - कुंभलगढ़ किले में 300 प्राचीन जैन मंदिरः ऐसा ही एक पुरातात्विक स्थल, जिसे यूनेस्को ने 2013 में विश्व धरोहर स्थल घोषित किया था, भारत के राजस्थान में कुंभलगढ़ किला है। जानकारी के मुताबिक किला परिसर में कुल 360 मंदिर हैं, जिनमें से 300 मंदिर जैन धर्म से संबंधित हैं, यह अपने आपमें रोचक तथ्य है।

300 जैन मंदिरों में से कुछ महत्वपूर्ण हैः पार्श्वनाथ मंदिर (1513 के दौरान निर्मित), पूर्वी तरफ जैन मंदिर और बावन (52) जैन मंदिर। गोलेरा मंदिर समूह में 4 जैन मंदिर हैं। विजय पोल के पास 2 जैन मंदिर, जूना भीलवाड़ा मंदिर, पीतल शाह जैन मंदिर।

यहां कुंभलगढ़ में जैन मंदिरों की एक पूरी चित्र गैलरी है। भारत में एतिहासिक स्थलों की कोई कमी नहीं है। यहां एक से बढ़कर एक महल और किले है जो देखने लायक है। अगर आप इतिहास में रूचि रखते हैं और किलों और महलों को देखने का शौक है तो आपको राजस्थान जरूर जाना चाहिए। इस राज्य में कई पहाड़ी किले हैं, जिनमें से एक है कुम्भलगढ़ किला। राजस्थान के राजसमंद जिले में स्थित इस किले को अजेयगढ़ उपनाम से भी जाना जाता था, क्योंकि इस किले पर विजय प्राप्त करना किसी भी राजा के लिए बेहद ही मुश्किल काम था। करीब 3600 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह किला घूमने के लिए एक बेहतरीन जगह है। यहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग घूमने के लिए आते हैं। इस किले से आप थार रेगिस्तान के सुंदर दृश्यों का आनंद उठा सकते हैं। जब भी आपको मौका मिले, एक बार इस किले की जरूर सैर कर आएं तथा यहाँ स्थित जैन मंदिरों के इतिहास, पुरा वैभव के दर्शन और नए तथ्यों की खोज जरूर करें।

- डॉ. सुनील जैन 'संचय', ललितपुर, सह सम्पादक

ज्ञान का प्रयोजन

डॉ. नरेन्द्र जैन भारती, सनावद

मानव जीवन में ज्ञान का विशेष महत्व है। ज्ञान के माध्यम से व्यक्ति सही दिशा में कार्य करता है। ज्ञान मनुष्य को पशुओं की अपेक्षा अलग पहचान देता है। पशुओं के पास जो नैसर्गिक ज्ञान होता है वह उसका उपयोग मात्र भोजन करने और इधर-उधर भ्रमण में लगाता है लेकिन मनुष्य में वह शक्ति है कि वह अपने ज्ञान का उपयोग अपने हित और परोपकार में भी कर सकता है। इसलिए ज्ञान को स्वपर प्रकाशक कहा गया है। छहढाला में पं. दौलत राम जी ने कहा है -

'ज्ञान समान न आन
जगत में सुख कौ कारण।
यह परमामृत जन्म जरा
मृतु रोग निवारण।।'

अर्थात जगत में सुख का कोई दूसरा साधन नहीं एक मात्र ज्ञान ही सुख का साधन है क्योंकि इससे जन्म, मृत्यु और बुढ़ापा रूपी रोगों का निवारण होता है। इन तीनों से छुटकारा पाने के लिए ही व्यक्ति धर्म करता है। संयम की साधना और तप में लगा रहता है। जिन भव्य आत्माओं ने त्याग मार्ग अपनाया उन्होंने ज्ञान प्राप्त करके ही इस तरह की साधना के मार्ग को स्वीकार किया। ज्ञान को साधना के रूप में परिवर्तन से ही सभी तरह के शुभ-अशुभ कर्मों से छुटकारा मिलता है। अतः जो व्यक्ति न शास्त्र स्वाध्याय करते हैं, न गुरु उपदेश सुनते हैं उन्हें इन दोनों में अपनी रूचि बढ़ाना चाहिए। जो शास्त्र स्वाध्याय करते हैं उन्हें विषय भोगों से भी दूर रहना चाहिए। क्योंकि ज्ञान का प्रयोजन ही विषय विरक्ति है।

विषय भोगों से विरक्ति होगी तो वहाँ विषय सेवन से रुचि भी घटेगी तथा पाँच पाप-हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और परिग्रह रूप पाप की प्रवृत्तियों से छुटकारा पाने से व्रत पालन भी होगा। तत्वार्थ सूत्र में पाँच पापों से निवृत्ति को ही व्रत पालन कहा गया है। अतः यदि ज्ञान और वैराग्य की शक्ति लोगों में जागृत होती है तो वह विषय भोगों से दूर ही रहेगा है। विषय भोगों के संबंध में कहा गया है कि इंद्रियों के भोग मधुर तो हैं लेकिन विष सम हैं, जो शरीर की सुंदरता को भी समाप्त कर देते है। अज्ञानी जन आसक्ति पूर्वक विषय सेवन तो करता है, परंतु ज्ञान प्राप्त होने पर पछताता भी है। अतः ज्ञान की उपयोगिता जहाँ भी दिखाई देती है वहाँ समझना चाहिए कि जो ज्ञान, मुक्ति मार्ग में सहायक है वही ज्ञान उपयोगी है। ऐसे ज्ञान को ही सम्यग्ज्ञान की उपमा देकर प्रतिष्ठापित किया गया है। ज्ञान से तात्पर्य सम्यग्ज्ञान से ही है जो कर्मों से तथा विषय भोगों से छुटकारा पाने में सहायक बनता है। ज्ञान के संबंध में आचार्य कुंदकुंद स्वामी तो यहाँ तक उपदेश देते हैं कि - ज्ञान गुण से रहित बहुत से लोग अनेक प्रकार के क्रियाकाण्ड करते हुए भी इस ज्ञान स्वरूप पद (आत्मा) को प्राप्त नहीं कर पाते। यदि तुम कर्मों से पूर्ण मुक्ति चाहते हो तो इस नियत ज्ञान को ग्रहण करो और इसका ही सेवन करो (समयसार गाथा 205) इस गाथा का तात्पर्य है कि ज्ञानोपासना में हमेशा निरत रहो ताकि विषयासक्ति समाप्त रहे और विषय भोगों से प्रवृत्ति न बढ़े, शुभ भावों में स्थिरता बनी रहे।

पेड़ लगाएं पर्यावरण बचाएं

कैलाश रारा, रायपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन के पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक कैलाश रारा ने ''पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ'' के संकल्प के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए जनहित में कुछ जरूरी आवश्यक टिप्स देते हुए कहा कि - मित्रो! आज के दिवस हम यह संकल्प लें कि -

- हम अपने घर एवं दफ्तर के आसपास का वातावरण स्वच्छ बनाए रखेंगे, गंदगी नहीं फैलाएंगे।
- अपने आवासीय परिसर एवं उसके आसपास सर्वाधिक ऑक्सीजन प्रदान करने वाले पेड़ पौधे लगाएंगे।
- अपने जन्मदिवस पर लगाए गए पेड़ की हम जीवन भर सुरक्षा करेंगे।
- अपने आवासीय भवन का वास्तु हम सदैव हवा एवं प्रकाशमय बनाए रखेंगे।
- अपने दैनिक जीवन में सी एन जी एवं बैटरी चलित वाहनों का अधिकाधिक प्रयोग करेंगे।
- उद्योगों से उत्सर्जित होने वाले कार्बन को आधुनिक उपकरणों से नियंत्रित करने हेतु उद्योग मंडलों एवं सरकार को हम निरंतर आगाह करते रहेंगे।
- विकास के नाम पर जल, जंगल एवं पहाड़ों को संकुचित करने वाली करने वाली अदूरदृष्टि योजनाओं के विरुद्ध विभिन्न एनजीओ के माध्यम से समय-समय पर सरकारों को सचेत करते रहेंगे।
- ग्लोबल वार्मिंग पर हम समय-समय पर विचार गोष्ठियां आयोजित करते रहेंगे।
- परमाणु निशस्त्रीकरण का हम जीवन भर समर्थन करते रहेंगे।

आचरणहीन ज्ञान, सुगंधि में लिपटा हुआ शव

डॉ. निर्मल जैन (से. नि. न्यायाधीश)

शिक्षा जीवन का आरंभिक अलंकार है। शिक्षा का वास्तविक अर्थ है, आचरण सीखना। आचरण सीधा जीवन से जीवन में सीखा जाता है। उसकी परीक्षा भी आचरण रूपी प्रश्नपत्र पर ही होती है। पुस्तक की पढ़ाई भी जरूरी है लेकिन वो केवल शब्दों की स्मृति मात्र तक सीमित है। उससे मस्तिष्क का यंत्र सक्रिय होकर कुछ सूचनाओं को रिकॉर्ड कर लेता है। स्वामी विवेकानन्द ऐसी शिक्षा प्रणाली को उपयुक्त मानते थे जो छात्र के व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास, चारित्रिक, नैतिक, आध्यात्मिक विकास तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को आचरण में ला सके। जीवन में आने वाले संघर्ष के लिए तैयार कर सके। उनका मानना था कि छात्र को कोई सिखा नहीं सकता, वह स्वयं ही सीखता है। ज्ञान तो व्यक्ति में पहले से ही है, केवल उपयुक्त वातावरण की आवश्यकता होती है।

